श्री बंशीधर नगर, मंगलवार
17.11.2026
कार्तिक शुक्लपक्ष अष्टमी संवत 2084
वर्ष : 05, अंक : 81

सूर्योदय-सूर्यास्त
उदय - 06:12 बजे
अस्त - 05:09 बजे

तापमान
अधिकतम : 28 डिग्री से.
न्यूनतम : 12 डिग्री से.



बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार | www.banshidharnews.com

छठ एकता का देता है संदेश : मिथिलेश >> पेज 03
'ईना' के गाने 'जी जी रे जी' का टीजर जारी >> पेज 05

सुविचार

कहीं न कहीं हमने यह मानना बंद कर दिया कि हम कुछ भी कर सकते हैं। और अगर हमारे पास अपने सपने नहीं हैं, तो हमारे पास कुछ भी नहीं है।

न्यूज अपडेट्स

विधायक भूषण बाड़ा पर एसटी आयोग सख्त

मुख्य सचिव समेत तीन अधिकारियों को नोटिस

रांची। सिमडेगा के विधायक भूषण बाड़ा के खिलाफ नाबालिग किशोरी से कथित दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज होने के मामले में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) ने कड़ा संज्ञान लिया है। आयोग ने इस संबंध में झारखंड के मुख्य सचिव, रांची के उपायुक्त और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) को नोटिस जारी किया है। साथ ही संबंधित अधिकारियों से सात दिनों के भीतर मामले में की गई कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने सोमवार को इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आयोग ने संबंधित पदाधिकारियों से मामले में अब तक की गई कार्रवाई और अन्य आवश्यक तथ्यों की रिपोर्ट मांगी है। आयोग की ओर से स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित सात दिनों की अवधि में यदि संबंधित अधिकारियों का जवाब प्राप्त नहीं होता है तो उन्हें आयोग के समक्ष उपस्थित होने के लिए समन जारी किया जा सकता है।

स्थापना दिवस झारखंड स्थापना दिवस व सरकार की दूसरी वर्षगांठ पर 15 दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन

28 नवंबर को खेलगांव में होगा स्थापना दिवस का मुख्य समारोह

15 नवंबर को रन फॉर क्लीनलिनेस से हुई शुरुआत
26 से 28 नवंबर तक मेला-सह-प्रदर्शनी और सांस्कृतिक संध्या का होगा आयोजन

रांची। झारखंड राज्य स्थापना दिवस और राज्य सरकार की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर राज्यभर में 15 दिवसीय विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों की शुरूआत 15 नवंबर को ह्यरन फॉर क्लीनलिनेसह्न (स्वच्छता के लिए दौड़) से हुई। वहीं, 28 नवंबर को रांची के खेलगांव में आयोजित भव्य समारोह के साथ इसका समापन होगा। इस दौरान स्वच्छता अभियान, खेलकूद प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, जनभागीदारी से जुड़े आयोजन, मेला-सह-प्रदर्शनी तथा विभिन्न विकास योजनाओं के उद्घाटन, शिलान्यास और परिसंपत्ति वितरण जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के तहत 15 नवंबर को सुबह 7 से 8 बजे तक राज्य के सभी जिलों में ह्यरन फॉर क्लीनलिनेसह्न का आयोजन किया गया। इसके लिए जिले के किसी प्रमुख स्थल अथवा चौक-चौराहे से दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। दौड़ का समापन प्रमुख छठ घाटों की



साफ-सफाई के साथ हुआ। इसका उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के साथ आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था।

स्थापना दिवस पखवाड़े के तहत 17 से 25 नवंबर तक पंचायत, प्रखंड और जिला स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इनमें खेलकूद प्रतियोगिताओं के अलावा नाटक, नृत्य-संगीत, निबंध लेखन सहित अन्य रचनात्मक गतिविधियां शामिल होंगी। इनके माध्यम से स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देने और अधिक से अधिक लोगों को स्थापना दिवस समारोह से जोड़ने की पहल की जाएगी।

जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागियों और टीमों को 26 एवं 27 नवंबर को रांची के खेलगांव में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को 28 नवंबर को आयोजित मुख्य समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।

वहीं, 26 से 28 नवंबर तक खेलगांव में मेला-सह-प्रदर्शनी का आयोजन होगा। इसमें विभिन्न विभागों के स्टॉल के साथ राज्य के प्रत्येक जिले का एक-एक स्टॉल लगाया जाएगा। विभागीय स्टॉल के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, संचालित कार्यक्रमों और जनोपयोगी सेवाओं की जानकारी आम लोगों को दी जाएगी। जिला स्तरीय स्टॉल पर संबंधित जिले के विशिष्ट उत्पादों, पर्यटन स्थलों और आर्थिक गतिविधियों को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके अलावा नवाचार पर आधारित विशेष स्टॉल भी लगाए जाएंगे, जिनमें राज्य में हो रहे नए प्रयोगों और रचनात्मक पहलों को सामने लाया जाएगा।

राज्य सरकार की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर 28 नवंबर को खेलगांव में आयोजित मुख्य समारोह में विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया जाएगा। इसके साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण भी होगा। पंचायत, प्रखंड, जिला और राज्य स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं का चयन कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रमों की श्रृंखला में 26 से 28 नवंबर तक खेलगांव में प्रतिदिन सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। इसमें झारखंड की समृद्ध लोककला, संस्कृति, परंपरा और सांस्कृतिक विविधता की झलक प्रस्तुत की जाएगी।

कुल मिलाकर, झारखंड स्थापना दिवस और राज्य सरकार की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित यह पखवाड़ा स्वच्छता, जनभागीदारी, प्रतिभा सम्मान, विकास योजनाओं के प्रचार-प्रसार और राज्य की सांस्कृतिक पहचान को एक मंच पर लाने का प्रयास है।

निशा भगत आत्महत्या मामले में सीबीआई ने दर्ज की प्राथमिकी, अजय तिर्की और ज्योत्सना केरकेट्टा नामजद

रांची। आदिवासी युवती निशा भगत आत्महत्या मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने सोमवार को प्राथमिकी दर्ज कर ली है। इसमें केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की और आदिवासी नेत्री ज्योत्सना केरकेट्टा को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। इसके अलावा कुछ अज्ञात लोगों को भी अभियुक्त बनाया गया है। सीबीआई की दिल्ली स्थित विशेष अपराध शाखा-1 ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज करने के साथ ही जांच तेज कर दी है। सोमवार को जांच एजेंसी की टीम रांची के पहाड़ी टोला स्थित अजय तिर्की के आवास पर पहुंची और उनसे पूछताछ की। वहीं, छह सदस्यीय सीबीआई टीम ज्योत्सना केरकेट्टा के आवास पर भी पहुंची, जहां उनसे पूछताछ की गई। टीम दोनों के खिलाफ लगाए गए आरोपों से जुड़े तथ्यों और साक्ष्यों की पड़ताल कर रही है।

छह नवंबर को निशा भगत ने आत्महत्या कर ली थी। इस घटना को लेकर उनके पिता हंदू भगत की शिकायत पर पिठौरिया थाने में प्राथमिकी संख्या 114/2026 दर्ज की गई थी। सीबीआई ने जांच अपने हाथ में लेने के बाद इसी प्राथमिकी को आधार बनाकर मामला दर्ज किया है।

उल्लेखनीय है कि पिठौरिया थाना क्षेत्र के डहू टोली स्थित अपने आवास पर निशा भगत ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली थी। घटना से पहले वह फेसबुक लाइव पर आई थीं। इस दौरान रोते हुए उन्होंने अपनी परेशानियां साझा की थीं। लाइव वीडियो में उन्होंने जमीन के कारोबार से जुड़े कुछ लोगों पर कथित प्रताड़ना का आरोप लगाया था और पुलिस-प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए थे।

आत्महत्या से पहले निशा ने पिठौरिया थाना प्रभारी को फोन कर अपनी परिस्थितियों की जानकारी दी थी। आरोप है कि थाना प्रभारी ने उन्हें थाने बुलाने की बात कहकर फोन काट दिया था। फेसबुक लाइव के दौरान निशा ने अजय तिर्की का नाम लेते हुए भी कई आरोप लगाए थे। निशा की मौत के बाद उनके पिता हंदू भगत ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई थी। उन्होंने पिठौरिया थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की, आदिवासी नेत्री ज्योत्सना केरकेट्टा समेत अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की थी। पिता ने आरोप लगाया था कि उनकी बेटी की बदनामी कर उसे आत्महत्या के लिए उकसाया गया। भाजपा समेत अन्य विपक्षी दलों ने भी मामले की सीबीआई जांच की मांग की थी। इसके बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अनुशंसा पर सीबीआई जांच का निर्णय लिया गया।

इस मामले में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) और राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने भी स्वतः संज्ञान लिया है। एनसीएसटी ने पुलिस अधिकारियों से अब तक की गई कार्रवाई का ब्योरा मांगा है। वहीं, राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने गुमला पहुंचकर निशा के परिजनों से मुलाकात की और घटना की जानकारी ली।

महिला आयोग की अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर मामले की निष्पक्ष, विस्तृत और समयबद्ध जांच सुनिश्चित करने को कहा है। साथ ही निशा के फेसबुक लाइव, कॉल रिकॉर्ड और अन्य डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित रखने का निर्देश दिया है।

श्री बंशीधर नगर में चोरों का आतंक : छठ पूजा के दौरान घरों में ताला बंद कर घाट गये थे गृहस्वामी

तीन गांवों के पांच घरों से हुई लाखों की चोरी, दहशत में ग्रामीण

बंशीधर न्यूज

श्री बंशीधर नगर : श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक जारी है। बेखौफ चोर लगातार चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस प्रशासन को खुली चुनौती दे रहे हैं। रविवार की रात चोरों ने तीन गांवों के पांच घरों को निशाना बनाते हुये ताला तोड़कर नकदी और लाखों रुपये के जेवरात की चोरी कर सबको हैरत में डाल दिया है।पिछले एक सप्ताह के दौरान क्षेत्र में हुई लगातार चोरी की घटनाओं से जहां चोरों का हौसला बुलंद है। वहीं ग्रामीणों में भय व्याप्त है। जानकारी के अनुसार रविवार की रात सुलसुलिया गांव में चोरों ने सुरेंद्र पासवान के घर का ताला







तोड़कर नकदी सहित करीब दो लाख रुपये के जेवरात चोरी कर ली। इसके बाद बगल में स्थित अनिल राम के घर को निशाना बनाया। यहां से भी चोर नकदी सहित करीब 70 हजार रुपये के जेवरात ले उड़े।इसी रात महदेईया गांव में नंदू राम के घर का ताला तोड़कर नकदी सहित करीब 70 हजार रुपये के जेवरात चोरी कर ली। वहीं बिलासपुर गांव में अमृत चौधरी के घर से नकदी सहित करीब डेढ़ लाख रुपये के जेवरात और उनके पड़ोसी संत चौधरी के घर से नकदी सहित 50 हजार रुपये से अधिक के आभूषण चोरी कर लिये गये।बताया जाता है कि सभी घरों के लोग छठ पूजा के लिये घरों में ताला बंद कर घाट पर गये हुये थे। इसी दौरान चोरों ने बंद घरों को निशाना बनाया। जब लोग पूजा के बाद घर लौटे तो टूटे ताले और बिखरे सामान को देखकर उनके होश उड़ गये।

14 नवंबर की रात भी तीन घरों में हुई थी बड़ी चोरी : चोरी की वारदातों का सिलसिला यहीं नहीं थमा। इससे पहले 14 नवंबर की रात चोरों ने दो गांवों के तीन घरों में बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया था। सोनपुरा गांव में अनिल राम के घर का ताला तोड़कर चोरों ने नकदी सहित करीब ढाई लाख रुपये के आभूषण चोरी कर लिये थे। वहीं उनके पड़ोस में निर्मला देवी पति श्यामनारायण राम के घर को भी चोरों ने निशाना बनाया था। यहां से नकदी सहित करीब तीन लाख रुपये के आभूषण चोरी कर लिये गये थे। इसी रात सुलसुलिया गांव निवासी विजय चौबे के घर का ताला तोड़कर चोर नकदी सहित करीब एक लाख रुपये के जेवरात लेकर फरार हो गये थे।

10 नवंबर को भी रामदत्त चौबे के घर हुई थी चोरी : इससे पहले 10 नवंबर की रात सुलसुलिया गांव निवासी रामदत्त चौबे के घर का ताला तोड़कर चोरों ने 17 हजार रुपये नकद, करीब 600 ग्राम चांदी के विभिन्न आभूषण और आठ ग्राम सोने का लॉकेट चोरी कर लिया था। लगातार हो रही इन घटनाओं से क्षेत्र के लोग अपनी संपत्ति और घरों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

डॉग स्क्वायड और टेक्निकल सेल की टीम जांच में जुटी : थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुये पुलिस प्रशासन ने जांच तेज कर दी है। सुलसुलिया और सोनपुरा गांव में डॉग स्क्वायड, फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट और टेक्निकल सेल की टीम पहुंची। टीम ने घटनास्थलों का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य और सुराग जुटाने का प्रयास किया। वहीं, पुलिस अज्ञात चोरों की पहचान और गिरफ्तारी के लिये संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

चोरी की घटनाओं का शीघ्र होगा उद्भेदन : थाना प्रभारी

इस संबंध में थाना प्रभारी अविनाश राज ने बताया कि चोरी की घटनाओं में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिये डॉग स्क्वायड, फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट और टेक्निकल सेल की टीम लगाई गई है। पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है।

रांची में आस्था के साथ सूर्य को अर्घ्य, राज्यपाल संतोष गंगवार ने हटनिया तालाब में की पूजा



रांची। झारखंड की राजधानी रांची में रविवार को लोक आस्था और सूर्योपासना के महापर्व छठ के तीसरे दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। शहर के विभिन्न छठ घाटों और जलाशयों में हजारों व्रतियों और श्रद्धालुओं ने अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। इस अवसर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार राजभवन के समीप स्थित हटनिया तालाब पहुंचे और भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर विश्व कल्याण तथा झारखंड की सुख-समृद्धि की कामना की। राज्यपाल ने इस पावन अवसर पर कहा कि उनकी छठी मैया से प्रार्थना है कि देश और राज्य के सभी नागरिक खुशहाल रहें। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और रांची की महापौर रोशनी खलखो भी बड़ा तालाब पहुंचे। दोनों ने भगवान भुवन भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर पूजा-अर्चना की। छठ महापर्व को लेकर रविवार सुबह से ही राजधानी के छोटे-बड़े सभी घाटों पर तैयारियां शुरू हो गई थीं। दोपहर बाद से व्रतियों का घाटों पर पहुंचना शुरू हो गया और शाम होते-होते श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुट गई। हटनिया तालाब, करमटोली तालाब, बड़ा तालाब, स्वर्णरेखा नदी, हटिया-धुर्वा डैम समेत शहर के विभिन्न जलाशयों में छठव्रतियों ने पारंपरिक विधि-विधान से पूजा की। रांची के तालाबों, डैम और नदी तटों के अलावा विभिन्न अपार्टमेंट परिसरों में सोसाइटी की ओर से बनाए गए अस्थायी जलाशयों में भी अर्घ्य अर्पित किया गया। व्रतियों ने केला, नारियल, घाघरा नींबू और अन्य मौसमी फलों के साथ ठेकुआ से सजे दउरा और सूप के साथ जलाशयों में पहुंचकर भगवान सूर्य की आराधना की। छठी मैया के पारंपरिक गीतों, रोशनी और आकर्षक सजावट से पूरा शहर भक्तिमय हो उठा। अर्घ्य के दौरान व्रतियों ने परिवार की सुख-समृद्धि, बेहतर स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की। घाटों पर बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। कई परिवारों के सभी सदस्य एक साथ पूजा में शामिल हुए। छठ महापर्व की विशेषता है कि रोजगार और पढ़ाई के सिलसिले में देश-विदेश में रहने वाले लोग भी इस अवसर पर अपने घर लौटने का प्रयास करते हैं। कई परिवारों के ऐसे सदस्य, जो पूरे साल घर नहीं आ पाते, छठ के अवसर पर परिवार के साथ पर्व मनाने जरूर पहुंचते हैं।

न्यूज अपडेट्स

झारखंड में 20 और 21 नवंबर को भारी बारिश का अलर्ट

रांची। झारखंड की राजधानी रांची समेत राज्य के विभिन्न जिलों में मंगलवार से मौसम में बदलाव होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार और बुधवार को राज्य के कई जिलों में आसमान में बादल छाए रहेंगे। वहीं, 20 और 21 नवंबर को कुछ जिलों में भारी बारिश हो सकती है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार, 20 नवंबर को राज्य के दक्षिणी हिस्से के चार जिलों पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला-खरसावां में भारी बारिश होने की संभावना है। वहीं, 21 नवंबर को मध्यवर्ती और पश्चिमी झारखंड के कुछ हिस्सों में भी भारी बारिश हो सकती है। इधर, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री सेल्सियस चाईबासा में दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 13.1 डिग्री सेल्सियस खूंटी में रिकॉर्ड किया गया। सोमवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा। हालांकि, दोपहर बाद आसमान में आंशिक रूप से बादल छा गए। दोपहर में तेज धूप के कारण गर्मी महसूस की गई, जबकि सुबह कुहासा छाए रहने से ठंड का एहसास हुआ। सोमवार को रांची में अधिकतम तापमान 27.8 डिग्री और न्यूनतम 15.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 31.3 डिग्री और न्यूनतम 17.8 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 32 डिग्री और न्यूनतम 16.6 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 29.5 डिग्री और न्यूनतम 16.1 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 32.4 डिग्री और न्यूनतम 16.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

महापर्व विधायक अनंत ने भक्ति जागरण का किया शुभारंभ, कहा

मंईयां सम्मान योजना दे रहा आर्थिक सहयोग







उग हो सूरज देव व कांच ही बांस के बहंगिया गीतों पर रातभर झूमे श्रद्धालु

अहिपुरवा छठ घाट पर भक्ति जागरण का हुआ आयोजन

बंशीधर न्यूज

श्री बंशीधर नगर : लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर अहिपुरवा छठ घाट पर न्यू ज्योति क्लब के बैनर तले भव्य भक्ति जागरण का आयोजन किया गया।जागरण का शुभारंभ विधायक अनंत प्रताप देव एवं झामुमो नेता ताहिर अंसारी ने फीता काटकर किया। उस मौके पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुये विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि छठ महापर्व सबसे कठिन और पवित्र व्रतों में से एक है। इस पर्व में महिलाएं निर्जला उपवास रखकर भगवान सूर्य की आराधना करती हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार की मंईयां सम्मान योजना से महिलाओं को आर्थिक सहयोग मिल रहा है, जिससे उन्हें पर्व-त्योहारों की तैयारियों में भी मदद मिल रही है। विधायक ने अहिपुरवा छठ घाट तक पहुंच मार्ग का जिक्र करते हुये कहा कि पहले यह सड़क काफी जर्जर स्थिति में थी। छठ महापर्व को देखते हुये उन्होंने अपने स्तर से सड़क पर मिट्टी-मोरम भरवाकर आवागमन को सुगम कराया, जिससे छठव्रतियों और राहगीरों को काफी राहत मिली है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही इस सड़क का स्थायी निर्माण कराया जायेगा।

छठ के पारंपरिक गीतों पर रातभर झूमे श्रद्धालु

भक्ति जागरण में वाराणसी से पहुंचीं सुप्रसिद्ध गायिका शालिनी सिंह एवं अन्य कलाकारों ने अपनी सुरीली आवाज से माहौल को भक्तिमय बना दिया। कलाकारों ने उग हो सूरज देव, कांच ही बांस के बहंगिया, केलवा के पात पर उगेलन सूरज देव, हे छठी मईया, पटना के घाट पर, मारबो रे सुगवा धनुष से और जोड़े-जोड़े फलवा जैसे लोकप्रिय छठ गीतों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। छठी मईया के पारंपरिक गीतों और भक्ति संगीत से पूरा छठ घाट देर रात तक भक्तिमय बना रहा।

देवी-देवताओं की झांकियों ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विभिन्न देवी-देवताओं पर आधारित आकर्षक झांकियां रहीं। मां गंगा की झांकी के माध्यम से गंगा अवतरण और उनकी महिमा का सुंदर दृश्य प्रस्तुत किया गया। वहीं महाकाल की भव्य झांकी में भगवान शिव के दिव्य स्वरूप का दर्शन कराया गया। वीर हनुमान जी की झांकी में उनकी शक्ति, भक्ति और पराक्रम को आकर्षक अंदाज में दशार्या गया। इसके अलावा राधा-कृष्ण की मनमोहक नृत्य प्रस्तुति ने दर्शकों का दिल जीत लिया। कलाकारों की वेशभूषा, साज-सज्जा और शानदार मंचीय प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। उस मौके पर झामुमो नेता मुक्तेश्वर पांडेय, शंभू राम, नागेंद्र सिंह, कमेटी के अध्यक्ष अशोक चंद्रवंशी, सचिव गुलाब पासवान, उपाध्यक्ष रविरंजन त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी उज्ज्वल विश्वकर्मा, मनीष कुमार, चंदन मेहता, अंकित कुमार, सुनीत मेहता सहित क्लब के अन्य सदस्य एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

चार दिवसीय महापर्व छठ संपन्न



कांडी : लोक आस्था और सूर्य उपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ सोमवार को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में संपन्न हो गया। सोमवार की सुबह प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों पर छठ व्रतियों ने उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और निरोग जीवन की कामना की। इसके साथ ही 36 घंटे तक चलने वाले कठिन निर्जला उपवास का समापन हुआ। सुबह से ही छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। छठी मैया के पारंपरिक गीतों और भगवान सूर्य के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। अर्घ्य अर्पित करने के बाद व्रतियों ने छठी मईया की कथा का श्रवण किया और विधि-विधान के साथ अपना निर्जला व्रत तोड़ा। इस दौरान परिवार के सदस्यों और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। महापर्व के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिये पुलिस प्रशासन लगातार सक्रिय रहा। पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों ने विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं कई स्थानों पर छठ महापर्व के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इधर छठ महापर्व के सफल आयोजन के बाद भास्कर युवा क्लब मझिगावां बस्ती की ओर से विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें लगातार 17 दिनों तक छठ घाट की साफ-सफाई, सजावट एवं अन्य तैयारियों में दिन-रात मेहनत करने वाले युवा कार्यकताओं को कमेटी की ओर से अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

झारखंड के 26वें स्थापना दिवस पर आयोजित हुआ रन फॉर क्लीनलीनेस

रांची। झारखंड राज्य के 26वें स्थापना दिवस (15 नवंबर 2026) के अवसर पर स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने एवं आम नागरिकों को स्वच्छता अभियान से जोड़ने के उद्देश्य से रांची सहित राज्य के सभी 24 जिलों में ह्यरन फॉर क्लीनलीनेसह्न का आयोजन किया गया। इस आयोजन के माध्यम से स्वच्छता को जन-आंदोलन का स्वरूप देने, स्वच्छ परिवेश के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने और स्वच्छ एवं स्वस्थ झारखंड के निर्माण का संदेश दिया गया। रांची में आयोजित इस दौड़ का शुभारंभ मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका से हुआ। दौड़ में शामिल प्रतिभागियों ने बापू वाटिका से अल्बर्ट एक्का चौक तक दौड़ लगाकर स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का मंत्री राधा कृष्ण किशोर, मंत्री संजय प्रसाद यादव, मंत्री योगेंद्र प्रसाद, राज्यसभा सांसद महुआ माजी एवं रांची विधायक सीपी सिंह ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों ने संदेश दिया कि स्वच्छता केवल किसी एक विभाग या सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह समाज के प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है। स्वच्छता को अपनी दैनिक जीवनशैली में शामिल कर ही स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुंदर झारखंड के निर्माण के संकल्प को साकार किया जा सकता है। दौड़ के आयोजन के साथ ही स्वच्छता के संदेश को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से चडरी तालाब छठ घाट में साफ-सफाई अभियान भी चलाया गया। इस दौरान मंत्रियों और राज्यसभा सांसद ने स्वयं स्वच्छता गतिविधियों में भाग लेकर श्रमदान किया एवं आम नागरिकों को जलस्रोतों, तालाबों तथा सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। कहा कि तालाब और अन्य जलस्रोत हमारी प्राकृतिक धरोहर हैं। इनका संरक्षण एवं स्वच्छता बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। सार्वजनिक स्थलों पर कचरा नहीं फैलाने, जलस्रोतों को प्रदूषण से बचाने और अपने आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रत्येक नागरिक को आगे आना चाहिए।

छठमय हुई राजधानी, घाटों पर उमड़ी श्रद्धा और भक्ति की अविरल धारा

उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ महापर्व का भव्य समापन

रांची। लोकआस्था, अटूट श्रद्धा और सूर्योपासना की कठिन साधना का चार दिवसीय महापर्व छठ सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ अत्यंत भक्तिमय और दिव्य वातावरण में संपन्न हो गया। कार्तिक शुक्ल सप्तमी की पावन सुबह 06:03 बजे जैसे ही सूर्यदेव की स्वर्णिम आभा क्षितिज पर बिखरी, राजधानी के छठ घाट भक्तिभाव और आस्था के अद्भुत संगम से आलोकित हो उठे। व्रतियों ने दूध और पवित्र जल से भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर संतान की दीर्घायु, परिवार की सुख-समृद्धि और निरोगी जीवन की मंगलकामना की। वहीं, रविवार की संध्या को अस्ताचलगामी सूर्य को प्रत्यूषा के प्रतीक स्वरूप संध्याकालीन अर्घ्य और सोमवार की सुबह उदीयमान सूर्य को उषा के प्रतीक स्वरूप प्रातःकालीन अर्घ्य अर्पित करने की परंपरा ने प्रकृति, सूर्य और मानव जीवन के अटूट रिश्ते को एक बार फिर अलौकिक बना दिया।

हौज बनाकर भगवान भास्कर को दिया अर्घ्य

आधुनिकता के इस युग में जहां एक ओर नदी, तालाब, पोखर और डैम के घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही थी,



वहीं दूसरी ओर कुछ व्रतियों ने भीड़भाड़ और शोर-शराबे से दूर अपने घरों की छतों पर कृत्रिम हौज बनाकर भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। अपनी सुविधा और शांत वातावरण में पूरी निष्ठा से की गई यह आराधना इस बात का प्रमाण रही कि आस्था के आगे साधन कभी बाधा नहीं बनते। शक्ति और अध्यात्म से परिपूर्ण भगवान भुवन भास्कर की उपासना के अनुपम लोकपर्व छठ पर राजधानी के हर कोने में अद्भुत नजारा देखने को मिला। धुर्वा डैम, कांके डैम, जेल तालाब, चडरी तालाब, बड़ा तालाब, डोरंडा बटम तालाब और सेक्टर-3 स्थित मत्स्य विभाग के तालाब सहित शहर के तमाम छोटे-बड़े तालाबों और कुओं के किनारे व्रतियों और श्रद्धालुओं की चहल-पहल बनी रही।

हर कदम बढ़े श्रद्धा के साथ

सूर्यदेव की स्वर्णिम किरणों से शहर का कोना-कोना आलोकित हो उठा। भगवान भुवन भास्कर के तेज और छठी मइया की भक्ति से छठ घाटों का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय नजर आया। अर्घ्य अर्पित करने को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और आतुरता दिखी। व्रतियों और उनके परिजनों के कदम बरबस छठ घाटों की ओर बढ़ते चले जा रहे थे। हर कोई भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर मनोकामना पूर्ति का आशीर्वाद पाने को लालायित था। लोकमान्यता के अनुसार, परिवार की सुख-समृद्धि और संतान की कुशलता की कामना के साथ व्रतियों ने यह कठिन व्रत रखा। इस दौरान शहर का कण-कण सूर्यदेव की कृपा और उनकी चमकती रोशनी से नहाया हुआ प्रतीत होता रहा। भुवन भास्कर के तेज से छठ घाटों का पूरा परिसर जगमगाता रहा। अर्घ्य अर्पित करने की आतुरता हर श्रद्धालु के चेहरे पर झलक रही थी। छठी मइया की भक्ति और सूर्यदेव के प्रति अटूट आस्था उन्हें बरबस घाटों की ओर खींचे चली जा रही थी।

डाला सजाने का दौर

रविवार की संध्या अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के लिए दोपहर ढलते ही घरों में तैयारियां शुरू हो गई थीं। पारंपरिक छठ गीतों की मधुर स्वर लहरियों के बीच व्रतियों और उनके परिजनों ने बांस के सूप और दउरे सजाए तथा उनमें ठेकुआ, फल और अन्य पूजन सामग्री को श्रद्धापूर्वक व्यवस्थित किया। वहीं, सोमवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के लिए एक बार फिर डाला सजाने और पूजन सामग्री तैयार करने की परंपरा निभाई गई। छठ महापर्व की पारंपरिक पहचान बांस से बने दउरे और सूप में भी देखने को मिली। व्रतियों ने इनमें ठेकुआ, चावल के लड्डू, मौसमी फल, नारियल और अन्य पूजन सामग्री को श्रद्धापूर्वक सजाया। अस्ताचलगामी और उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के लिए सजी हुई पूजन सामग्री लेकर व्रती अपने परिजनों और मोहल्ले के लोगों के साथ घाटों की ओर रवाना हुए। सिर पर दउरा और हाथों में सूप लिए व्रतियों का जत्था जब छठी मइया के पारंपरिक गीत गाते हुए आगे बढ़ा, तो रास्ते भी लोकआस्था और भक्ति के रंग में रंग गए।

सूर्य को अर्घ्य के साथ संपन्न हुआ छठ महापर्व, घाटों पर गूंजे भक्ति गीत



बंशीधर न्यूज

विश्रामपुर : पलामू जिले के विश्रामपुर, नावा बाजार और पांडू प्रखंड के विभिन्न इलाकों में लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ सोमवार को उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ श्रद्धा और भक्तिभाव से संपन्न हो गया। चार दिनों तक पूरा क्षेत्र छठी मईया के पारंपरिक गीतों और सूर्य उपासना से भक्तिमय बना रहा। इस दौरान विभिन्न छठ घाटों पर गंगा आरती, धार्मिक झांकियों और भक्ति जागरण के कार्यक्रम आयोजित किए गए। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने रेहला के कोयल नदी छठ घाट, विश्रामपुर के शिव छठ घाट और राजघाट पहुंचकर धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने विश्रामपुर मझिआंव विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों पर व्रतियों और श्रद्धालुओं से मुलाकात कर छठी मईया का आशीर्वाद लिया। उन्होंने क्षेत्र में सुख शांति, भाईचारे और समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि छठ महापर्व प्रकृति के प्रति सम्मान, अनुशासन, त्याग और सामाजिक एकता का संदेश देता है। उधर, नावा बाजार थाना क्षेत्र के इटको खुटी सोत नदी तट पर भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी संजय कुमार यादव और पूर्व मुखिया दीपक गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। गायक धर्मेंद्र उजाला और गायिका संध्या चंद्र ने छठी मईया के पारंपरिक गीतों और भजनों की प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को देर रात तक झुमाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोनू गुप्ता ने की। आयोजन में समिति के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इधर, पांडू प्रखंड के मुसीखाप गांव में छठ महापर्व के अवसर पर सूर्य मंदिर निर्माण की पहल की गई। समाजसेवी श्रवण शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत भूमि पूजन किया। जल्द ही मंदिर की नींव रखी जाएगी। मंदिर निर्माण की पहल से ग्रामीणों में उत्साह है। ग्रामीणों ने इसे धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकजुटता का प्रतीक बताते हुए निर्माण कार्य में सामूहिक सहयोग का संकल्प लिया।

न्यूज अपडेट्स

छतरपुर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मना छठ

छतरपुर : शहर सहित पूरे प्रखंड में लोक आस्था का महापर्व छठ श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर फ्रेंड्स क्लब की ओर से छठ घाट पर गंगा आरती एवं भव्य भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन नपं अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, सामाजिक एवं व्यवसायी रविशंकर सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष मोहन जायसवाल, थाना प्रभारी सौरभ चौबे एवं रजत कुमार सिंह उर्फ बॉबी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों ने आयोजन की सराहना की। क्लब की ओर से सभी अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। छठ पर्व को लेकर स्टार क्लब एवं सूर्य आराधना सेवा समिति की ओर से शहर के विभिन्न घाटों पर सफाई, ध्वनि व्यवस्था और आकर्षक सजावट की गई। फ्रेंड्स क्लब अध्यक्ष शशिरंजन सिंह उर्फ पप्पू, सचिव रजत सिंह उर्फ बॉबी तथा सूर्य आराधना सेवा समिति के अध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता और सचिव मोनू सिंह सहित सदस्यों ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नगर क्षेत्र के मदेया, खाटीन, बारा, कर्माकला, सड़मा, लोहराही और रामगढ़ घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर छतरपुर पुलिस मुस्तैद रही। थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने विभिन्न घाटों का निरीक्षण कर विधि व्यवस्था पर नजर रखी।

महापर्व पूर्व मंत्री के आवास पर श्रद्धा और भक्ति के साथ मना छठ महापर्व

छठ एकता का देता है संदेश : मिथिलेश

18 सूपों से दिया गया भगवान भास्कर को अर्घ्य

बंशीधर न्यूज

गढ़वा : लोक आस्था, शुद्धता और सूर्य उपासना का महापर्व छठ गढ़वा सहित पूरे क्षेत्र में श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं झामुमो के केंद्रीय महासचिव मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर भी छठ महापर्व का भव्य आयोजन किया गया। पूरे धार्मिक वातावरण में उनकी भाभी अमित ठाकुर ने 18 सूपों के साथ भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर परिवार, समाज और देश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं श्रद्धालु उपस्थित थे। सभी ने छठी मईया और भगवान सूर्य की आराधना कर लोककल्याण की मंगलकामना की। मौके पर श्री ठाकुर ने कहा कि छठ महापर्व केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, आपसी प्रेम, भाईचारे और एकता का अनुपम संदेश देने वाला महापर्व है। यह पर्व हमें निरोगी काया, परिवार में सुख-शांति और समृद्धि के साथ-साथ पूरे समाज को एकता के सूत्र में बांधने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें जाति, धर्म, वर्ग और ऊंच-नीच का कोई भेदभाव नहीं रहता। सभी लोग तमाम सामाजिक बंधनों से ऊपर उठकर एक साथ छठी मईया और भगवान भास्कर की आराधना करते हैं। यही हमारी सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत की असली पहचान है। श्री ठाकुर ने भारतवर्ष की पहचान विविधताओं में एकता है और हमारी यह गौरवशाली परंपरा सदैव अक्षुण्ण बनी रहनी चाहिये। उन्होंने छठी मईया एवं भगवान भास्कर से गढ़वा, झारखंड सहित पूरे देश में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली बनाए रखने की प्रार्थना की। मौके पर परिवार का सभी सदस्य अमरनाथ ठाकुर, सुनयना ज्योति ठाकुर, रणजीत ठाकुर, अमिता ठाकुर, मिथिलेश ठाकुर, चंचल छाया, विनय ठाकुर, रोजी ठाकुर, अमितेष, रितेश,अभिलाष, तुषार, अक्षत, आरव, खुशी, स्नेहा, रीता, सौम्या, दृष्टि सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

छठ घाटों पर पहुंचे पूर्व मंत्री मिथिलेश, व्रतियों और श्रद्धालुओं को दी शुभकामनाएं

बंशीधर न्यूज



गढ़वा : पूर्व मंत्री एवं झामुमो के केंद्रीय महासचिव मिथिलेश कुमार ठाकुर ने छठ महापर्व के अवसर पर गढ़वा शहर के विभिन्न छठ घाटों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने छठ पूजा समितियों के सदस्यों, व्रतियों एवं श्रद्धालुओं से मुलाकात कर लोक आस्था के महापर्व छठ की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। पूर्व मंत्री ने स्टूडेंट क्लब, फ्रेंड्स क्लब, टी ग्रुप, जागृति क्लब टंडवा, सूर्या क्लब, छठ सेवा समिति सहिजना सहित शहर के विभिन्न छठ घाटों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आयोजन में जुटे पूजा समितियों के सदस्यों का उत्साहवर्धन किया। श्री ठाकुर ने कहा कि छठ महापर्व हमारी समृद्ध संस्कृति, आस्था, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। यह पर्व समाज के सभी वर्गों को एक सूत्र में बांधने के साथ ही आपसी प्रेम, भाईचारे और समरसता का संदेश देता है। उन्होंने भगवान सूर्य एवं छठी मईया से सभी व्रतियों के सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान विभिन्न पूजा समितियों के पदाधिकारी, सदस्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

सिंगरा खुर्द में संकरी सड़क से लगा जाम, यातायात संभालने में जुटे जवान

मेदिनीनगर : छठ महापर्व के दौरान नगर निगम क्षेत्र के सिंगरा खुर्द में राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगने से राहगीरों और छठ व्रतियों को परेशानी हुई। सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। फोरलेन और मेदिनीनगर की ओर से लगातार वाहनों के पहुंचने तथा सड़क की चौड़ाई कम होने से यातायात का दबाव बढ़ गया। ट्रैफिक प्रभारी रुद्रानंद सरस ने बताया कि सिंगरा खुर्द में सड़क संकरी होने के कारण वाहनों की आवाजाही नियंत्रित करने में परेशानी हो रही है। दोनों ओर से वाहनों के आने के कारण जाम की स्थिति बन रही है। यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के लिए विभिन्न स्थानों पर पुलिस जवानों की तैनाती की गई है। जवान लगातार वाहनों और भीड़ को नियंत्रित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि छठ पूजा के अनुष्ठान वाले स्थानों पर स्थिति पूरी तरह शांतिपूर्ण है। पुलिस का प्रयास है कि श्रद्धालुओं और राहगीरों को जल्द जाम से राहत मिले।

दरवाजे पर बैठे लोगों को पिकअप ने कुचला, दो की मौत, दो घायल



पांडू : पलामू जिले के पांडू प्रखंड के खुरा गांव में शनिवार को अनियंत्रित पिकअप की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब कुछ लोग गोबिंद राम के घर के दरवाजे पर बैठकर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान चंद्रदेव राम का पुत्र लाला बैठा पिकअप लेकर वहां से गुजर रहा था। अचानक वाहन अनियंत्रित होकर दरवाजे पर बैठे चार लोगों को कुचलते हुए निकल गया। हादसे में रामबचन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल सुमित्री देवी को इलाज के लिए विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना में दो अन्य लोग भी घायल हुए हैं। हादसे के बाद गांव में अफरा तफरी मच गई। दो लोगों की मौत से खुरा गांव में मातम पसरा है।

स्वच्छता के संकल्प के साथ विकसित झारखंड की दौड़ में जुटे लोग



मेदिनीनगर : झारखंड राज्य स्थापना दिवस के 26 वर्ष पूरे होने पर रविवार को पलामू में रन फॉर क्लीनलीनेस का आयोजन किया गया। स्वच्छता, स्वस्थ जीवनशैली और विकसित झारखंड के संकल्प के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारियों, स्कूली बच्चों, खिलाड़ियों और शहरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह सात बजे शाहपुर किला परिसर से हुई। डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत और एसपी कपिल चौधरी ने महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद अधिकारियों और प्रतिभागियों ने परिसर में सफाई अभियान चलाया। डीसी और एसपी के नेतृत्व में दौड़ शाहपुर पुल और सदीक चौक होते हुए कोयल रिवर फ्रंट पहुंची। शाहपुर पुल पर स्कूली बच्चियों ने आकर्षक आदिवासी नृत्य प्रस्तुत कर झारखंड की समृद्ध जनजातीय संस्कृति की झलक दिखाई। कोयल रिवर फ्रंट पर डीसी और एसपी ने स्कूली बच्चों के साथ केक काटकर राज्य स्थापना दिवस की खुशियां साझा कीं। इस दौरान डीसी ने कहा कि पिछड़ेपन, अशिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों से लड़कर झारखंड को विकसित राज्य बनाना है। उन्होंने स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली को इस लक्ष्य की महत्वपूर्ण कड़ी बताते हुए कोयल रिवर फ्रंट को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने की अपील की।

बाईक दुर्घटना में एक की मौत, एक व्यक्ति गंभीर

रमना : थाना क्षेत्र में रविवार को हुई दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक ग्रामीण की मौत हो गई। जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पहली घटना प्रखंड मुख्यालय स्थित सर्वेश्वरी चौक के समीप हुई। यहां एक अनियंत्रित कार ने सड़क किनारे खड़ी कई बाईक को टक्कर मारते हुये गम्हरिया निवासी उमेश प्रसाद यादव की पत्नी मीरा देवी को अपनी चपेट में ले लिया। गंभीर रूप से घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रमना में प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया। फिलहाल वह खतरे से बाहर बताई जा रही है। दूसरी घटना देर शाम रमना-बुल्का मार्ग पर जिरुआ जलाशय के समीप घटी। यहां अज्ञात वाहन के धक्के से दशरथ बियार गंभीर रूप से घायल हो गये। सीएचसी रमना से हायर सेंटर रेफर किये जाने के बाद समय पर एंबुलेंस नहीं मिलने से गढ़वा ले जाने के क्रम में रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। पुलिस दोनों मामलों में शामिल वाहनों की पहचान व तलाश में जुटी है।

छठ महापर्व हमारी आस्था, परंपरा, पवित्रता और सामाजिक समरसता का प्रतीक है : मिथिलेश

छठ व्रतियों के बीच झामुमो ने किया फल वितरण

बंशीधर न्यूज



गढ़वा : लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर झामुमो की ओर से शहर के रंका मोड़ पर घंटाघर के समीप छठ व्रतियों के बीच फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व मंत्री सह झामुमो के केंद्रीय महासचिव मिथिलेश कुमार ठाकुर ने स्वयं छठ व्रतियों के बीच फल वितरित कर उन्हें महापर्व की शुभकामनाएं दीं। उस मौके पर पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि छठ महापर्व हमारी आस्था, परंपरा, पवित्रता और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह पर्व समाज के सभी वर्गों को एक सूत्र में जोड़ने का संदेश देता है। छठ व्रतियों की सेवा और सहयोग करना सौभाग्य की बात है। कार्यक्रम के माध्यम से झामुमो ने सामाजिक सहभागिता और लोक आस्था के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। मौके पर धीरज दुबे, शरीफ अंसारी, जवाहर पासवान, तनवीर आलम, मनोज ठाकुर, चंदन जायसवाल, नवीन तिवारी, मनीष कमलापुरी, अविनाश, प्रियम सिंह, दिलीप गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, रेखा चौबे, वंदना जायसवाल, दिव्य प्रकाश सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

गंगा आरती : विधायक सत्येंद्र नाथ ने कहा, छठ महापर्व में सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद होती है पूरी



बंशीधर न्यूज

मेराल : लोक आस्था, श्रद्धा और सूर्य उपासना के महापर्व छठ के अवसर पर रविवार की देर शाम प्रखंड मुख्यालय स्थित सबसे पुराने बर नदी छठ घाट पर भक्ति और आध्यात्मिकता का अद्भुत नजारा देखने को मिला। आकर्षक विद्युत सज्जा और भव्य साज-सज्जा से सजा घाट उस समय भक्तिमय हो उठा, जब वैदिक मंत्रोच्चार और आतिशबाजी के बीच गंगा महाआरती का शुभारंभ हुआ। लगातार दूसरे वर्ष आयोजित इस भव्य गंगा आरती को देखने के लिये हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मुख्य अतिथि विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने श्रद्धालुओं को छठ महापर्व की शुभकामनाएं देते हुये कहा कि चार दिनों तक चलने वाला छठ महापर्व ऐसा अनूठा पर्व है, जिसमें लोग सच्चे मन और पूरी श्रद्धा के साथ जो भी मुराद मांगते हैं, छठी मईया उनकी मनोकामना अवश्य पूरी करती हैं। ब्रजेश कुमार मिश्रा के निर्देशन में आयोजित आरती सात अलग-अलग मंचों से विशेष पारंपरिक परिधान में सुसज्जित विद्वान पंडित किशोर पंडित, अखिलेश्वर पांडेय तथा राहुल मल्होत्रा, अर्पित मल्होत्रा, शुभम मल्होत्रा और श्रेयांश ने एक साथ मां गंगा की आरती की इस दौरान पूरा घाट हर-हर गंगे और छठी मईया के जयघोष से गूंजता रहा। कार्यक्रम में थाना प्रभारी रवि कुमार केसरी, डॉ अनिल शाह, प्रमुख दीपमाला कुमारी, पूर्व मुखिया सुषमा कुशवाहा, जिपस प्रतिनिधि करीब अंसारी, विधायक प्रतिनिधि रिंकू तिवारी, डॉ लालमोहन, मुखिया रामसागर महतो सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिप सदस्य संजय भगत ने किया। आयोजन को सफल बनाने में छठ पूजा समिति के अध्यक्ष संजीव जायसवाल, सत्यम मल्होत्रा, यमुना प्रसाद, सुधांशु प्रसाद, शशिकांत कुमार, संदीप यादव, शशि कुमार गुप्ता, संदीप जायसवाल, अमित कुमार सहित समिति के अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

न्यूज अपडेट्स

हथियार के साथ एक युवक गिरफ्तार

चैनपुर : पुलिस ने नरसिंहपुर पथरा स्थित छठ घाट पर हथियार के साथ घूम रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से एक देशी कट्टा और एक जिंदा गोली बरामद किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान आकाश कुमार चौरसिया रूप में हुई है। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि रविवार की रात गश्ती दल को सूचना मिली कि नरसिंहपुर पथरा छठ घाट पर एक व्यक्ति हथियार लेकर घूम रहा है। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर युवक की तलाश शुरू की। इसी दौरान पुलिस बल को देखते ही एक युवक तेजी से सड़क की ओर भागने लगा। पुलिस जवानों ने तत्परता दिखाते हुए उसे खदेड़कर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके कमर के बाएं हिस्से से एक देशी कट्टा व जींस पैंट की बाईं जेब से एक जिंदा गोली बरामद हुआ। इसके अलावा एक स्क्रीन टच मोबाइल, स्टील का मोटा कड़ा, स्मार्ट घड़ी, पांच पैकेट ताश के पत्ते और एक हजार रुपये नकद भी जब्त किए गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। छापेमारी दल में एसआई शिवनाथ रंजन, रमन यादव, जैनेंद्र कुमार पांडेय, विक्रम सिंह समेत पुलिस के जवान शामिल थे।

रोशनी से जगमग हुए छठ घाट

चैनपुर : लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर चैनपुर क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का माहौल दिखा। प्रखंड के विभिन्न छठ घाट आकर्षक विद्युत सज्जा और रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा उठे। पूजा समितियों और सामाजिक संगठनों की ओर से घाटों पर साफ सफाई, प्रकाश और सजावट की विशेष व्यवस्था की गई थी। तालाब रोड स्थित सूर्य मंदिर छठ घाट पर नागरिक मंच ने सेवा शिविर लगाकर व्रतियों के बीच फल वितरित किए।

महापर्व केलवा के पात पर उगेलन सुरुज मल झांके झुके...

उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ संपन्न

बंशीधर न्यूज



मेदिनीनगर : लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ सोमवार को उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ संपन्न हो गया। इसी के साथ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास भी समाप्त हुआ। रविवार की शाम व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया था। सोमवार तड़के से ही जिले के विभिन्न छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। व्रतियों ने छठी मइया के पारंपरिक गीतों के बीच उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

पर्व को लेकर नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष उत्साह रहा। विभिन्न सामाजिक संगठनों ने घाटों और रास्तों की सफाई, रोशनी तथा व्रतियों के ठहरने की व्यवस्था की थी। कई स्थानों पर स्वयंसेवी संगठनों ने पूजन सामग्री और फल वितरित किए। विभिन्न छठ घाटों पर गंगा आरती का आयोजन भी हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

अमानत नदी घाट पर लायंस क्लब ने कराई भव्य गंगा आरती

मेदिनीनगर : लोक आस्था के महापर्व छठ पर लायंस क्लब की ओर से अमानत नदी घाट पर भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया। विद्युत रोशनी से सजे घाट परिसर में आरती के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम में महापौर अरुणा शंकर और पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी शामिल हुए। दोनों ने पूजा अर्चना कर श्रद्धालुओं को छठ महापर्व की शुभकामनाएं दीं।

केएन त्रिपाठी ने कहा कि लायंस क्लब वर्षों से छठ व्रतियों की सेवा में जुटा है। छठी मइया क्लब के सदस्यों को और सामर्थ्य दें, ताकि भविष्य में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि नारी शक्ति के सम्मान से ही समाज में सुख शांति और समृद्धि आती है। छठ व्रत में महिलाएं कठिन तपस्या और अटूट श्रद्धा के साथ सूर्य उपासना करती हैं। क्लब अध्यक्ष रूपेश कुमार ने बताया कि व्रतियों की सुविधा के लिए चेंजिंग रूम और पूजन सामग्री की व्यवस्था की गई थी। सचिव प्रभात अग्रवाल, प्रोजेक्ट चेयरमैन आलोक माथुर, राकेश पांडेय, रितेश कुमार, पीयूष तुलस्यान, सुधीर अग्रवाल, संजय पाठक, नवीन गुप्ता, कांग्रेस नेता सुरेंद्र टिकैत, जीशान खान, अनुज तिवारी, कौशल दुबे, बबलू दुबे सहित क्लब के कई सदस्य एवं श्रद्धालु उपस्थित थे।

लायंस क्लब ने व्रतियों में बांटी पूजन सामग्री

मेदिनीनगर। छठ महापर्व पर लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर ने छहमुहान चौक पर व्रतियों के बीच फल, फूल और पूजन सामग्री वितरित की। नगर आयुक्त रंजीत कुमार लाल ने उद्घाटन किया। क्लब अध्यक्ष डॉ रवीश कुमार ने उनका स्वागत किया। नगर आयुक्त ने क्लब की पहल की सराहना करते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया।

उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व संपन्न

मेराल : लोक आस्था, सूर्य उपासना और पवित्रता के महापर्व छठ के चौथे एवं अंतिम दिन सोमवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व का श्रद्धापूर्वक समापन हो गया। अहले सुबह से ही प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न पंचायतों के छठ घाटों पर व्रतियों और श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। व्रतियों ने पारंपरिक विधि-विधान के साथ भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और आरोग्य की कामना की। अर्घ्य अर्पित करने के बाद व्रतियों ने विधिवत पूजा-अर्चना और पूर्णाहुति की तथा प्रसाद ग्रहण कर 36 घंटे के निर्जला उपवास का पारण किया। छठ महापर्व को लेकर प्रखंड मुख्यालय के प्रमुख घाटों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। प्रखंड मुख्यालय के अलावा सभी पंचायतों में भी छठ महापर्व पारंपरिक उल्लास, श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया गया। पर्व के शांतिपूर्ण एवं सफल आयोजन के साथ ही क्षेत्र में चार दिनों से चला आ रहा छठ का उत्सवी माहौल संपन्न हो गया।

जायंट्स ग्रुप ने व्रतियों के बीच किया फलाहार सामग्री का वितरण



गढ़वा : लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा की ओर से छठ व्रतियों के बीच फलाहार सामग्री का वितरण किया गया। फेडरेशन-8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी के मेनरोड स्थित प्रतिष्ठान के समीप आयोजित कार्यक्रम में हजारों छठ व्रतियों को सेब, बेर, मूली, आंवला और छोहाड़ा वितरित किया गया। मौके पर अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कहा कि जायंट्स ग्रुप सामाजिक कार्यों में हमेशा आगे रहता है। छठ जैसे पवित्र महापर्व पर व्रतियों की सेवा करने का अवसर मिलना उनके लिये सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों और श्रद्धालुओं की सेवा करना समूह का उद्देश्य है। मौके पर जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन सेंट्रल कमेटी के सदस्य अजय कांत पाठक, स्पेशल कमेटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी, फेडरेशन-8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, फेडरेशन उपाध्यक्ष नंदकुमार गुप्ता, मनोज केशरी, गढ़वा ग्रुप के निवर्तमान अध्यक्ष कमलेश गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष ध्रुव केशरी, विनोद गुप्ता, रवीन्द्र केशरी, संजय ठाकुर, चंद्रभूषण सिन्हा, अरुण सोनी, मंदीप प्रसाद, संदीप केशरी, गढ़वा रेडक्रॉस के चेयरमैन डॉ एमपी गुप्ता, गढ़वा ड्रग एसोसिएशन के अध्यक्ष आद्या पांडेय सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

जय भामा शाह क्लब की ओर से भंडारा आयोजित



श्री बंशीधर नगर : जय भामा शाह क्लब की ओर से छठ महापर्व के मौके पर यहां सूर्यमंदिर के प्रांगण में भंडारा का आयोजन किया गया था। भंडारा का शुभारंभ विधायक अनंत प्रताप देव, नगर पंचायत उपाध्यक्ष सन्ध्या देवी एवं क्लब के अध्यक्ष रजनीकांत मधुर उर्फ भोलू ने पूजा अर्चना के बाद फीता काटकर किया। भंडारा में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर राजेश प्रताप देव, मुक्तेश्वर पांडेय, डॉ धर्मचंद्र लाल अग्रवाल, डॉ संतोष कुमार, राकेश जायसवाल, कामेश्वर प्रसाद, प्रताप जायसवाल, अजय मुखिया, बीरेंद्र अग्रहरि, कमलेश मेहता, वीरेंद्र कमलापुरी, गोपाल कमलापुरी, ओमप्रकाश गुप्ता, मनोज कुमार मंटू, नीरज जायसवाल, संतोष पांडेय, संजीत कुमार छोटू, विकास कुमार शालू, मिंटू कुमार, अमित कुमार गुड्डू, बिकु, रितुराज, अजीत कुमार केसरी, दिनेश जायसवाल, आशीष कुमार, सत्य प्रकाश, धीरज कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

रम्यभूमि त्रिबल सैन्यपरिवार कल्याण फाउंडेशन की ओर से फल वितरित



मेदिनीनगर : रम्यभूमि त्रिबल सैन्यपरिवार कल्याण फाउंडेशन पलामू प्रमंडल की ओर से छठ महापर्व के मौके पर बेलवाटिका चौक पर छठव्रतियों के बीच फल वितरण एवं सेवा कार्य का आयोजन किया गया। उस मौके पर सदस्यों ने कहा कि रम्यभूमि त्रिबल सैन्यपरिवार कल्याण फाउंडेशन समाज में अपनी उपस्थिति एवं सेना के प्रति लोगों में विश्वास एवं जागरूकता बढ़ाने के लिये कई प्रकार के सामाजिक दायित्व एवं भागीदारी निभाती आई है। इस कड़ी में संगठन द्वारा आयोजित इस पुनीत कार्य में सभी सम्मानित पूर्व एवं सेवारत सैनिकों ने भागीदारी निभाई। संगठन के सभी सदस्यों ने महापर्व को सेवा एवं समर्पण भाव से मनाया। सदस्यों ने कहा कि पलामू प्रमंडल में ऐसा पहली बार कोई सैन्य संगठन बढ़ चढ़ कर समाज में अपनी उपस्थिति को दर्शाने का कार्य कर रही है। जिससे संगठन का मनोबल में दिन प्रतिदिन वृद्धि के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर भागीदारी लेने की प्रेरणा मिल रही है। उस मौके पर संरक्षक रामजी तिवारी, उपाध्यक्ष सुनील सिंह, सचिव विकास तिवारी, संगठन मंत्री शौकत अंसारी, गढ़वा जिलाध्यक्ष अशोक तिवारी, राजमुनि सिंह, जितेंद्र तिवारी, पंकज तिवारी, रामकुमार दुबे, अमित तिवारी, प्रकाश पांडेय समेत कई लोग उपस्थित थे।

भगवान बिरसा मुंडा का संघर्ष और बलिदान सदैव प्रेरणा देता रहेगा : मिथिलेश ठाकुर

पूर्व मंत्री ने धरती आबा की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

बंशीधर न्यूज



गढ़वा : झारखंड राज्य स्थापना दिवस एवं धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 151 वीं जयंती के अवसर पर गढ़वा स्थित बिरसा मुंडा पार्क में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उस मौके पर पूर्व मंत्री व झामुमो के केंद्रीय महासचिव मिथिलेश कुमार ठाकुर ने भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि आज का दिन झारखंड के इतिहास और संस्कृति के लिये अत्यंत महत्वपूर्ण एवं पावन है। आज एक ओर लोक आस्था का महापर्व छठ का पहला अर्घ्य है, वहीं दूसरी ओर धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती भी मनाई जा रही है। यह संयोग झारखंड की सांस्कृतिक विरासत, आस्था और गौरवशाली इतिहास को एक साथ जोड़ता है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने अपने अदम्य साहस, संघर्ष और बलिदान से देश की आजादी तथा आदिवासी समाज के अधिकारों की लड़ाई को नई दिशा दी। उनका जीवन अन्याय, शोषण और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष का प्रतीक है। उनके विचार और आदर्श आज भी झारखंडवासियों के लिये प्रेरणास्रोत हैं। श्री ठाकुर ने कहा कि झारखंड राज्य का निर्माण जिन सपनों और संकल्पों के साथ हुआ था, उन्हें साकार करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। धरती आबा के सपनों का झारखंड बनाने के लिये राज्य की अस्मिता, जल, जंगल, जमीन और यहां के मूल निवासियों के अधिकारों की रक्षा के प्रति सदैव सजग रहना होगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने भगवान बिरसा मुंडा के बताये मार्ग पर चलने तथा झारखंड की एकता, संस्कृति और पहचान को अक्षुण्ण बनाये रखने का संकल्प लिया। मौके पर शरीफ अंसारी, जवाहर पासवान, तनवीर आलम, मनोज ठाकुर, चंदन जायसवाल, रेखा चौबे, बंदना जायसवाल, मनीष कमलापुरी, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय, मनोज तिवारी, ज्योतिष धर दुबे, प्रियम सिंह, बैजनाथ सहित काफी संख्या में झामुमो नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।



'ईठा' के गाने 'जी जी रे जी' का टीजर जारी, आज रिलीज होगा पूरा गाना

मुंबई। मैडॉक फिल्म्स और कठपुतली क्रिएशन्स ने अपनी आगामी फिल्म 'ईठा' के गाने 'जी जी रे जी' का टीजर जारी कर दिया है। श्रद्धा कपूर अभिनीत इस फिल्म में वह ईठा की भूमिका निभा रही हैं। गाने की पहली झलक में श्रद्धा पारंपरिक अंदाज में नजर आ रही हैं। उनके नृत्य और मंच पर दमदार प्रस्तुति के जरिए फिल्म की संगीत से सजी दुनिया की झलक दिखाई गई है। निमार्ताओं के मुताबिक, पूरा गाना कल रिलीज किया जाएगा। 'जी जी रे जी' को राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता संगीतकार जोड़ी अजय-अतुल ने तैयार किया है। उन्होंने गाने का संगीत देने के साथ इसका संयोजन और निर्माण भी किया है। इसके बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं, जबकि श्रेया घोषाल ने इसे अपनी आवाज दी है। गाने की कोरियोग्राफी वैभवी मर्चेंट ने की है। फिल्म में संगीत को कहानी का अहम हिस्सा बनाया गया है, जिसके जरिए मुख्य किरदार के सपनों, भावनाओं और संघर्ष को दिखाया जाएगा। लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी 'ईठा' एक एपिक म्यूजिकल ड्रामा फिल्म है। इसका निर्माण दिनेश विजान, लक्ष्मण उतेकर और करिश्मा शर्मा ने किया है। फिल्म में श्रद्धा कपूर एक ऐसी कलाकार की भूमिका में हैं, जिसका सफर आगे चलकर उसे एक बड़ी पहचान दिलाता है। 'ईठा' 4 दिसंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

'बेतहाशा' में दिखा सुम्बुल और हर्ष का रोमांटिक अंदाज, गाना रिलीज



मुंबई। हॉरर और सस्पेंस से भरपूर फिल्म 'झाड़ फूंक' के निमार्ताओं ने इसका नया रोमांटिक गाना 'बेतहाशा' रिलीज कर दिया है। जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रही यह फिल्म रिलीज के बाद से ही दर्शकों के बीच चर्चा में है। लगातार तीन सप्ताह से प्लेटफॉर्म की ट्रेंडिंग सूची में बनी हुई है। नए गाने के जरिए फिल्म में दिखाए गए रोमांस के पहलू को सामने लाया गया है। गाने में सुम्बुल तौकीर खान और हर्ष राजपूत की ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। सुरज चौहान की आवाज में रिकॉर्ड किए गए इस गाने में प्यार के एहसास को मधुर संगीत के साथ पेश किया गया है। सुम्बुल ने गाने को लेकर कहा कि उन्हें इसकी धुन और पूरी कंपोजिशन काफी पसंद आई है। उनके मुताबिक, यह गाना प्यार की खूबसूरत भावनाओं को बयां करता है और दर्शक इससे जुड़ाव महसूस करेंगे। फिल्म के निर्देशक राजन रामगोपाल वर्मा ने भी दोनों कलाकारों की केमिस्ट्री की तारीफ की। उन्होंने कहा कि फिल्म को मिल रहे दर्शकों के प्यार और तीन सप्ताह तक ट्रेंडिंग में बने रहने से पूरी टीम उत्साहित है। सोशल मीडिया पर गाने को मिल रही प्रतिक्रिया ने भी उनकी खुशी बढ़ाई है। नीव एंटरटेनमेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत इस फिल्म की कहानी और पटकथा राजन रामगोपाल वर्मा ने लिखी है और निर्देशन भी उन्होंने ही किया है। शैलेश परिहार फिल्म के निमार्ता हैं, जबकि वृंदा ब्रह्मभट्ट सह-निमार्ता हैं। फिल्म में सुम्बुल तौकीर खान और हर्ष राजपूत के अलावा पद्मिनी कोल्हापुरे और यशपाल शर्मा भी अहम भूमिकाओं में हैं।

देर होने से पहले मुझे न्याय दीजिए, इमरान खान की पाकिस्तानी न्यायाधीशों से गुहार



केयू मीडिया संस्थान में राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर कार्यक्रम

युवा मीडिया छात्र देश व समाज के विकास में सकारात्मक भूमिका निभाएं : राजीव जेटली

छात्र का धर्म केवल पढ़ना और सीखना: एन यू जे आई पूर्व अध्यक्ष रास बिहारी

एनयूजेआई मीडिया छात्रों को दिलवाएगा औद्योगिक प्रशिक्षण : राकेश थपलियाल

बंशीधर न्यूज



कुरुक्षेत्र : एनयूजेआई और कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन एंड मीडिया टेक्नोलॉजी (आईएमसीएमटी) के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को सीनेट हॉल में राष्ट्रीय प्रेस दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय एआई के दौर में पत्रकारिता चुनौतियों से निपटना और सत्य को बनाए रखना था।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली ने भावी पत्रकारों का आह्वान किया कि वे तकनीक के साथ कदम मिलाते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे एनयूजेआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं खेल टुडे के प्रधान संपादक राकेश थपलियाल ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि संगठन द्वारा मीडिया छात्रों को व्यावहारिक अनुभव देने के लिए इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग दिलाया जाएगा।

विशिष्ट अतिथि एवं एनयूजेआई के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार रास बिहारी ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि छात्र का सबसे बड़ा धर्म केवल पढ़ना और निरंतर सीखना है, यही गुण उन्हें भविष्य में एक सफल और जिम्मेदार पत्रकार बनाएगा। एनयूजेआई के उपाध्यक्ष डॉ रनेश राणा ने सभी के समक्ष कुछ सवाल खड़े किए और कहा कि हमें सच में इतनी तेज जीवल शैली की जरूरत है। इस सम्मेलन में गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मीडिया विभाग के प्रो. विक्रम कौशिक का विशेष तकनीकी सत्र आयोजित किया गया, जिसमें एआई के दौर में पत्रकारिता के नैतिक मूल्यों और निष्पक्षता को बनाए रखने के उपायों पर गहन मंथन हुआ। संस्थान की निदेशक प्रो. बिंदु शर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि वर्तमान परिदृश्य में एआई मीडिया और समाचार उद्योग में तेजी से पैर पसार रहा है। ऐसे में पत्रकारों के सामने खबरों की सत्यता, विश्वसनीयता और तकनीकी चुनौतियों से निपटने के गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। कार्यक्रम के संयोजक डॉ कंवरदीप शर्मा ने कार्यक्रम के शुरूआत में कार्यक्रम की रूप रेखा सभी के समक्ष रखी और बताया के इस कार्यक्रम में हिमाचल, यूपी, दिल्ली और हरियाणा से लगभग 30 वरिष्ठ पत्रकारों ने सहभागिता की और इसके साथ ही संस्थान के एलुमनाई छात्रों जो विभिन्न मीडिया हाउसेस में कार्यरत है उनको भी सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में खेल टुडे के प्रबंध संपादक सह एनयूजेआई के मुख्य चुनाव अधिकारी अशोक किंकर, एनयूजेआई के हरियाणा प्रदेश संयोजक विपुल कौशिक, हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स के कोषाध्यक्ष सुमित शर्मा वशिष्ठ, एनयूजेआई की कार्यकारिणी सदस्य उषा पाहवा, गोपाल शर्मा और संस्थान के शिक्षक डॉ प्रदीप, डॉ सतीश राणा, डॉ रोशन, सचिन वर्मा, राकेश व बड़ी संख्या छात्र मौजूद थे।

सहिजना छठ घाट पर पारंपरिक रूप से होती है पूजा : अलखनाथ पांडेय



गढ़वा : सहिजना छठ सेवा समिति की ओर से छठ घाट पर रात्रि में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों एवं अन्य प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के विजेताओं को भाजपा नेता सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय, पूर्व वार्ड पार्षद जितेंद्र सिन्हा एवं सुरेंद्र कश्यप ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उस मौके पर अलखनाथ पांडेय ने कहा कि सहिजना छठ घाट पर पारंपरिक रूप से छठ पूजा का आयोजन किया जाता है। इस तरह के आयोजन से समाज में आपसी भाईचारा, उत्साह और सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा मिलता है। विजेता प्रतिभागियों को आलोक स्पोर्ट्स और श्री स्टेशनरी की और से पुरस्कृत किया गया। उस मौके पर अधिवक्ता संजय सिंह, गुड्डू तिवारी, मुकेश कुमार सिन्हा,संजीत कुमार सिन्हा, अजीत कुमार सिन्हा, राजेश कुमार सिन्हा राजीव रंजन सिन्हा, अविनाश कुमार, विकास दुबे, प्रिंस सोनी शामिल थे।आयोजन को सफल बनाने में समिति के सदस्य मयंक सहाय,अरविंद दुबे, नीरज सिन्हा, आलोक सिन्हा, चंदन, बिटु,आनंद वर्मा, विशाल पांडेय, निपुण, राजकुमार महतो, विश्वनाथ राम समेत स्थानीय लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य के साथ चार दिवसीय महापर्व छठ संपन्न



श्री बंशीधर नगर : सूर्योपासना का महापर्व छठ सोमवार को उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य के साथ ही संपन्न हो गया। श्री बंशीधर नगर अनुमंडल मुख्यालय में स्थित सूर्य मंदिर समेत विभिन्न गांवों में स्थित नदी एवं तालाबों में छठव्रतियों ने प्रातः उगते सूर्य को अर्घ्य देकर मनवांछित फल की कामना की। नगर पंचायत अध्यक्ष साधना देवी समेत बड़ी संख्या में छठ व्रतियों ने अहले सुबह से ही अपने अपने छठ घाटों के नदी एवं जलाशयों में खड़े होकर भगवान भास्कर के उदयीमान होने तक उनकी आराधना की। भगवान सूर्य के उदय होते ही व्रतधारियों ने अपने परिजनों के साथ दूध एवं गंगाजल से अर्घ्य दिया। सूर्य मंदिर समेत विभिन्न छठ घाटों पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष छठव्रतियों की भारी भीड़ रही। सूर्य मंदिर परिसर स्थित छठ घाट पर श्री बंशीधर सूर्य मंदिर ट्रस्ट, प्रभात क्लब, नव युवक क्लब, जय भामा शाह क्लब एवं फ्रेंड्स रॉक ग्रुप की ओर से साफ सफाई, लाईट एवं साउंड की व्यवस्था की गई थी एवं बड़े ही आकर्षक तरीके से सजाया गया था। दूधिया रोशनी से पूरा परिसर जगमगाता रहा। वहीं भक्तिमय छठ गीतों के मधुर साउंड से घाट का माहौल भक्तिमय था। श्रद्धालु छठी मैया की भक्ति में सराबोर थे। छठ व्रतियों को क्लब के साथ-साथ समाजसेवियों ने भी काफी सहयोग प्रदान किया। जय भामा शाह क्लब की ओर से भंडारा का आयोजन किया गया था। उधर छठ पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर पुलिस काफी सक्रिय रही। एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार आजाद, थाना प्रभारी अविनाश राज पुलिस बल के साथ लगातार गश्ती कर रहे थे।

उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ शांतिपूर्ण माहौल में छठ महापर्व संपन्न

थानेदार जनार्दन राउत ने क्षेत्रवासियों एवं पूजा समितियों के प्रति जताया आभार

बंशीधर न्यूज

सगमा : प्रखंड क्षेत्र में चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। सोमवार की सुबह व्रतियों ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इसके साथ ही चार दिनों तक चलने वाले सूर्य उपासना के महापर्व का समापन हुआ।

छठ महापर्व को लेकर पूरे प्रखंड क्षेत्र में चार दिनों तक भक्तिमय माहौल बना रहा। चारों तरफ छठी मईया के मनमोहक गीतों से वातावरण गूंजता रहा। सभी छठ घाटों पर साफ-सफाई एवं रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था की गई थी। कई स्थानों पर रामायण



सीरियल तो कहीं जय छठी मईया का सजीव प्रसारण किया गया। श्रद्धालुओं ने रातभर भक्ति कार्यक्रमों का आनंद लिया। वहीं, विभिन्न स्थानों पर नाटक मंडलियों द्वारा धार्मिक नाट्य कला का मंचन भी किया गया, जिससे श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा गया। पर्व के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने को लेकर धुरकी थाना प्रभारी जनार्दन राउत पुलिस बल के साथ लगातार क्षेत्र में भ्रमण करते नजर आये। उन्होंने थाना क्षेत्र के सभी छठ घाटों पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। चार दिवसीय छठ महापर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने पर थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने क्षेत्रवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि धुरकी थाना क्षेत्र के लोग बधाई के पात्र हैं। सभी लोगों ने आपसी सहयोग एवं भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण तरीके से महापर्व मनाया। उन्होंने सभी पूजा समितियों के सदस्यों के प्रति भी आभार प्रकट किया। थाना प्रभारी ने कहा कि इतने बड़े पैमाने पर आयोजित होने वाला महापर्व पुलिस प्रशासन के लिये एक बड़ी चुनौती होता है, लेकिन क्षेत्र के लोगों का सहयोग हमेशा यादगार बन जाता है। सभी के सामूहिक प्रयास से पर्व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक–धीरेन्द्र चौबे, संपादक–धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)